भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1879
मंगलवार, 01 अगस्त, 2023/श्रावण 10, 1945 (शक) को उत्तरार्थ

तेलंगाना में सहकारी समितियां

†1879.श्रीमती कविता मलोथू:
डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता:
डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तेलंगाना में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) सहित सहकारी समितियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश की सभी सहकारी समितियों को कम्प्यूटरीकृत करने का निर्णय लिया है और इस प्रयोजनार्थ 2,500 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं;

(ग) यदि हां, तो तेलंगाना में कम्प्यूटरीकृत की जाने वाली सहकारी समितियों का ब्यौरा क्या है और यह परियोजना कब तक पूरी हो जाएगा; और

(घ) क्या तेलंगाना में कोई बहु-राज्यीय सहकारी समितियां परिसमापन के अधीन हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क): तेलंगाना में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) सहित सहकारी समितियों का ब्यौरा **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

(ख) एवं (ग) : 2,516 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ देश भर में 63,000 कार्यात्मक PACS/ लार्ज एरिया मल्टीपर्पज़ कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ (LAMPS)/किसान सेवा समितियों (एफएसएस) के कम्प्यूटरीकरण के लिए एक केंद्रीय प्रायोजित परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। कम्प्यूटरीकरण प्रक्रिया वित्त वर्ष 2024-25 तक पूरी हो जाएगी और अगले दो वर्षों के लिए एक समर्थन प्रणाली होगी। 28 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त 60,685 पैक्स के कम्प्यूटरीकरण के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। सॉफ्टवेयर नाबार्ड द्वारा विकसित किया गया है। हार्डवेयर अधिप्राप्ति, सिस्टम इंटीग्रेटर को ऑनबोर्डिंग और राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा लीगेसी डाटा के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया चल रही है। तथापि, इस मंत्रालय को तेलंगाना राज्य से पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ): तेलंगाना में परिसमापन के तहत बहु-राज्य सहकारी समितियां इस प्रकार हैं:

1. जटरोफा उत्पादक और जैव-ईंधन विकास सहकारी लिमिटेड
2. ग्राहक बाजार सहकारी समिति लिमिटेड

*****

अनुलग्नक

तेलंगाना में सहकारी समितियां

1. उपलब्ध डाटा के अनुसार, तेलंगाना राज्य में सहकारी समितियों का विवरण निम्नवत है:

क्र.सं.	क्षेत्र	सहकारी समितियों की संख्या
1.	कृषि एवं संबद्ध सहकारी समिति	818
2.	प्रसंस्करण/औद्योगिक सहकारी समिति	230
3.	मधुमक्खी पालन सहकारी समिति	1
4.	उपभोक्ता सहकारी समिति	444
5.	क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट सोसायटी	24,366
6.	डेयरी सहकारी समिति	2,141
7.	शैक्षिक और प्रशिक्षण सहकारी समितियाँ	1
8.	मत्स्य सहकारी समिति	5,175
9.	हस्तशिल्प और बुनकर सहकारी समिति	192
10.	हथकरघा वस्त्र एवं बुनकर सहकारी समिति	291
11.	जूट और कॉयर सहकारी समिति	2
12.	श्रम सहकारी समिति	4,266
13.	पशुधन एवं मुर्गी पालन सहकारी समिति	7,866
14.	मिश्रित	6,941
15.	विविध ऋण सहकारी समिति	152
16.	बहुउद्देशीय सहकारी समिति	78
17.	प्राथमिक कृषि ऋण समिति (PACS)	1,009
18.	प्राथमिक आवास सहकारी समिति	2,633
19.	प्राथमिक विपणन सहकारी समिति	680
20.	रेशम उत्पादन सहकारी समिति	5
21.	समाज कल्याण एवं सांस्कृतिक सहकारी समिति	1,096
22.	चीनी मिल सहकारी समिति	2
23.	पर्यटन सहकारी समिति	1
24.	परिवहन सहकारी समिति	28
25.	आदिवासी-एससी/एसटी सहकारी समिति	32
26.	शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी)	71
27.	महिला कल्याण सहकारी समिति	2,238
	कुल	**60,759**

2. तेलंगाना राज्य में राज्य/ जिला स्तर के फेडरेशनों की संख्या 26 है ।

3. तेलंगाना में मुख्यालय वाली बहु-राज्य सहकारी समितियों की संख्या 13 है ।

*****